Exam.Code:0005
Sub. Code: 0405

2021

B.A./B.Sc. (General) Fifth Semester

Hindi (Elective)

Time allowed: 3 Hours

Max. Marks: 90

x-x-x

नोट :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या करे : 6×2=12

i. रुग्ण होना चाहता कोई नहीं,
रोग लेकिन आ गया जब पास हो,
तिक्त औषधि के सिवा उपचार क्या ?
शमित होगा वह नहीं मिष्टान्न से !

ii. युद्ध को तुम निन्द्य कहते हो, मगर
जब तलक हैं उठ रही चिंगारियाँ
भिन्न स्वार्थों के कुलिश-संघर्ष की
युद्ध तब तक विश्व में अनिवार्य है।

iii. कहीं था जल रहा कोई किसी की शूरता से
कहीं था क्षोभ में कोई किसी की क्रूरता से
कहीं उत्कर्ष ही नृप का नृपों को सालता था
कहीं प्रतिशोध का कोई भुजंगम पलता था।

iv. हिलो-डुलो मत, हृदय - रक्त
अपना मुझको पीने दो,
अचल रहे साम्राज्य शांति का
जियो और जीने दो।

(ख) आधुनिक युग के संदर्भ में 'कुरुक्षेत्र' की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। 1×15=15

अथवा

'कुरुक्षेत्र' के आधार पर भीष्म पितामह के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

P.T.O.

2. (क ) काव्य की परिभाषाएं बताकर उसका स्वरूप निर्धारित कीजिए । 1×15=15

अथवा

महाकाव्य और खण्ड काव्य में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) निबन्ध के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके तत्वों पर प्रकाश डालिए । 1×15=15

अथवा

आत्मकथा के विभिन्न तत्वों का वर्णन कीजिए ।

3. निम्नलिखित अलंकारों की परिभाषा देते हुए किन्हीं तीन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए – 6×3=18

i. अतिशयोक्ति
ii. श्लेष
iii. उत्प्रेक्षा
iv. रूपक
v. अनुप्रास
vi. उपमा

४. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न की शब्द सीमा लगभग 50 शब्दों में होनी चाहिए

i. गीतिकाव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
ii. भीष्म पितामह को मानवतावादी क्यों कहा गया है ?
iii. आपकी दृष्टि में काव्य क्या है ?
iv. दिनकर जी की काव्य कृतियों के नाम लिखिए ।
v. पांच जीवनी लेखकों के नाम लिखिए ।
vi. संस्मरण के तत्व लिखिए । 5×3=15

*x-x-x*